मंगलवार 07 मार्च, 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

### नौकरी के बदले जमीन लेने का मामला: पूर्व सीएम लालू यादव को भी पूछताछ के लिए दिया गया है नोटिस

# राबड़ी देवी से सीबीआई ने चार घंटे पूछताछ की

- सीबीआई अधिकारी बोले- आवास पर कोई तलाशी नहीं हुई, ना ही कोई छापा मारा गया
- सीबीआई ने इस मामले में पिछले साल अक्टूबर के महीने में चार्जशीट दाखिल की थी
- सीबीआई अधिकारी बोले- जांच एजेंसी ने पूर्व सीएम को तलब किया था तो उन्होंने खुद 6 मार्च को अपने आवास पर पूछताछ की तय की थी तारीख



सीबीआई पूछताछ के बाद विधान परिषद पहुंचीं राबड़ी देवी।



राबड़ी देवी के आवास पर सीबीआई की टीम के जाने पर विरोध प्रदर्शन करते राजद कार्यकर्ता।

**एजेंसी/पटना**

सीबीआई ने सोमवार को नौकरी के बदले जमीन लेने के घोटाले की जांच के सिलसिले में राबड़ी देवी से पूछताछ की। सीबीआई की टीम ने बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास पर उनसे करीब 4 घंटे तक सवाल-जवाब किए। इस मामले को लेकर विपक्षी नेताओं ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। सीबीआई अधिकारियों ने बताया कि आवास पर कोई तलाशी नहीं हुई, ना ही कोई छापा मारा गया। उन्होंने पीटीआई से बताया कि सीबीआई ने इस मामले में पहले ही आरोपपत्र दाखिल कर दिया है। एजेंसी कथित घोटाला मामले में जांच कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी का दल मामले में लालू प्रसाद के परिवार से कुछ और दस्तावेज भी मांग सकता है। सीबीआई ने इस मामले में पिछले साल अक्टूबर के महीने में चार्जशीट दाखिल की थी। बीती 27 फरवरी को दिल्ली की रॉउज एवेन्यू कोर्ट ने पूर्व रेलवे मंत्री लालू प्रसाद और उनकी पत्नी राबड़ी देवी, उनकी बेटी मीसा भारती समेत अन्य लोगों को 15 मार्च को अदालत में पेश होने के लिए समन भेजा था। सीबीआई सूत्रों के मुताबिक, लालू प्रसाद यादव को भी पूछताछ के लिए नोटिस दिया गया है। जल्द ही उनसे भी पूछताछ होगी। सीबीआई ने अभी दिन और समय कन्फर्म नहीं किया है।

अधिकारियों ने बताया कि कुछ दिनों पहले सीबीआई ने बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को तलब किया था और उन्होंने खुद सोमवार 6 मार्च को अपने आवास पर पूछताछ की तारीख तय की थी। ऐसा नहीं है कि सीबीआई अंदर घुसी है। सूत्रों के मुताबिक, सीबीआई ने राबड़ी देवी को बिहार में सीबीआई दफ्तर में पूछताछ के लिये आने के लिये कहा था जिसके बदले राबड़ी देवी ने खराब तबीयत का हवाला देते हुए घर पर पूछताछ के लिए आने को कहा था।

सीबीआई पूछताछ के बाद राबड़ी देवी विधान परिषद पहुंची। राबड़ी से जब सवाल पूछा गया कि सीबीआई टीम आपके घर आई, आपसे पूछताछ की। इसपर राबड़ी भड़क गईं और बोलीं कि तो क्या करें? हमारे यहां हमेशा सीबीआई आते रहती है। शुरूआत से ही ऐसा होता आया है।

राबड़ी देवी से पूछताछ पर उनके बेटे और बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि जिस दिन हमारी महागठबंधन की सरकार बनी थी तब मैंने कहा था कि यह सिलसिला चलता रहेगा। अगर आप बीजेपी के साथ रहेंगे तो राजा हरीश चंद्र कहलाएंगे, लेकिन हमें इससे कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। बिहार की जनता सब देख रही है। तेजस्वी यादव ने कहा कि महाराष्ट्र में जब शरद पवार के भतीजे (अजित पवार) बीजेपी में गए तो सारे केस वापस ले लिए गए। जब टीएमसी के मुकुल रॉय बीजेपी में गए, सारे केस वापस ले लिए गए। अगर आप बीजेपी को आईना दिखाएंगे तो छापेमारी होगी। कार्रवाई के विरोध में राजद कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया।

इस मामले में आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ये गलत है। विपक्ष के लोगों पर छापे मारना सही नहीं। मैंने कल कहा था कि यह ट्रेंड बन रहा है कि जिन राज्यों में विपक्ष है वहां उन्हें काम नहीं करने दिया जाएगा. विपक्ष को ईडी, सीबीआई या राज्यपाल के जरिए परेशान किया जाता है। वहीं कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि जो विपक्षी नेता बीजेपी के सामने झुकने को तैयार नहीं हैं, उन्हें ईडी-सीबीआई के जरिये प्रताड़ित किया जा रहा है। आज राबड़ी देवी जी को परेशान किया जा रहा है। लालू जी व उनके परिवार को वर्षों से प्रताड़ित किया जा रहा है, क्योंकि वे झुके नहीं। बीजेपी विपक्ष की आवाज दबाना चाहती है।

## तमिलनाडु में हुई हिंसा मामले में चार लोगों पर एफआईआर

- आर्थिक अपराध इकाई ने 30 वीडियो को चिह्नित किया है
- इस वीडियो के जरिए भ्रामकता फैलाने की हुई है कोशिश
- जमुई के अमन ने जो वीडियो पोस्ट किया था वह भ्रामक है



**केटी न्यूज/पटना**

तमिलनाडु में कथित बिहारी मजदूरों पर हिंसा मामले को लेकर पटना स्थित पुलिस मुख्यालय में एडीजी जितेंद्र सिंह गंगवार ने प्रेसवार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आर्थिक अपराध इकाई द्वारा प्राथमिकी दर्ज की गई है। चार लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। बिहार पुलिस ने अमन कुमार नामक युवक को जमुई से गिरफ्तार किया है। उससे पूछताछ की जा रही है. सोशल मीडिया पर पुराने वीडियो वायरल (कर समाज में भ्रामकता फैलाने की कोशिश की गई।

एडीजी जितेंद्र सिंह गंगवार ने कहा कि आर्थिक अपराध इकाई ने 30 वीडियो को चिह्नित किया है। इस वीडियो के माध्यम से भ्रामकता फैलाने की कोशिश की गई। जमुई के अमन कुमार ने सोशल मीडिया पर जो वीडियो पोस्ट किया था वह पूर्ण रूप से भ्रामक है। पुराने वीडियो को मौजूदा मामले से जोड़कर दिखलाया गया है। समाज में दंगा फसाद कराने के जैसा पाया गया है।

वहीं, आगे एडीजी ने कहा कि तमिलनाडु कि एक पूर्व की घटना का वीडियो है, जिसमें एक व्यक्ति के द्वारा सुसाइड किया गया था। उस वीडियो को ऐसे पेश किया गया कि बिहारी को मारकर लटकाया गया है। आगे उन्होंने होली को लेकर कहा कि बिहार पुलिस होली त्योहार को लेकर काफी अलर्ट है। साथ ही शराब को लेकर पुलिस पूरे बिहार में पुलिस लगातार इन दिनों सघन जांच अभियान अभियान चला रही है। होली को लेकर पटना स्थित पुलिस मुख्यालय में पुलिस अधिकारियों, प्रशासन और उद्योग के अधिकारियों के बीच चर्चा हुई है। बिहार पुलिस यह सुनिश्चित करेगी कि कानून व्यवस्था बनी रहे, होली में घर जाने वाले सुरक्षित रहें और भय का माहौल न हो।

### छुट्टी की सूचना

होली के उपलक्ष्य में 8 व 9 मार्च को केशव टाइम्स का अंक जारी नहीं किया जाएगा।

## खबरें फटाफट

### बाल-बाल बचे पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा का हेलिकॉप्टर क्रैश होते-होते बचा है। कलबुर्गी में येदियुरप्पा को लेकर लैंड करने जा रहे हेलिकॉप्टर के पायलट की सूझबूझ से हादसा टल गया। दरअसल जिस ग्राउंड पर लैंडिंग होनी थी वहां काफी मात्रा में प्लास्टिक बिखरे हुए थे। अंतिम पलों में पायलट ने खतरे को भांपा और लैंडिंग को टालकर हेलिकॉप्टर को हवा में ही रखा। 27 फरवरी को येदियुरप्पा का 80वां जन्मदिन था। बीएस येदियुरप्पा का कर्नाटक के कलबुर्गी में एक कार्यक्रम था। यहां पर उनका हेलिकॉप्टर लैंड करने ही वाला था, तभी पायलट ने देखा कि हेलीपैड के पास काफी प्लास्टिक इकट्ठा हैं। इसके बाद पायलट ने लैंडिंग न करने का फैसला लिया। पायलट उस ग्राउंड के आसपास हेलिकॉप्टर उड़ाता रहा, जहां इसे लैंड होना था। जब अधिकारियों ने प्लास्टिक को हटवाकर हेलीपैड साफ कराया, उसके बाद पायलट ने सुरक्षित लैंडिंग की।

### होली पर हुड़दंग की तो आपकी खैर नहीं

**पटना।** होली और शबे बरात के दौरान हुड़दंग करने वालों की खैर नहीं है। एसएसपी राजीव मिश्रा ने रविवार को सभी थानेदारों के साथ त्योहार को लेकर बैठक की। सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखने के पुलिस की टीम बनाई गई है। अगर किसी ने भी भड़काऊ मैसेज पोस्ट किया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी ने सभी थानेदारों को 8 मार्च तक अपने-अपने इलाके में गश्ती बढ़ाने को कहा।

## बिहारशरीफ के पांच गांव में होली के दिन नहीं जलता चूल्हा

**दानिश/नालंदा**

वैसे तो होली का नाम लेते ही रंग गुलाल और हुड़दंग याद आता है, लेकिन बिहार के नालंदा ज़िला का पांच ऐसे गांव जहां होली मनाने की अलग परंपरा है। होली के दिन ग्रामीण रंग गुलाल और हुड़दंग नहीं बल्कि भक्ति में लीन रहते हैं। यहां होली के दिन चूल्हा भी नहीं जलता है। शुद्ध शाकाहारी खाना खाते हैं वो भी बासी खाना होता है। मास मंदिरा पर पूर्ण प्रतिबंध होता है। गांव में फूहड़ गीत भी नहीं बजता है। यह मामला सदर प्रखंड बिहारशरीफ से सटे पतुआना, बासवन बीघा, ढिबरापर, नकतपुरा और डेढ़धरा गांव का है। यहां के स्थानीय लोग बताते हैं कि यह परंपरा वर्षों पुरानी है। जो 51 साल से चली आ रही है। इस गांव के लोग बसीऑरा के दिन होली का लुत्फ उठाते हैं।

इस संबंध में गांव के जानकार पद्म श्री से सम्मानित बसवन बीघा गांव निवासी कपिल देव प्रसाद बताते हैं कि एक सिद्ध पुरुष संत बाबा उस जमाने में गांव में आए और झाड़फुक करते थे। जिनके नाम से आज एक मंदिर गांव में है जहां दूर दराज से श्रद्धालु आस्था के साथ मत्था टेकने पहुंचते हैं, लेकिन उनकी 20 वर्ष पूर्व मृत्यु हो गई। उन्होंने लोगों से कहा कि यह कैसा त्यौहार है जो नशा करता है और फूहड़ गीत के साथ नशे में झूमते हो इससे तो बेहतर है कि भगवान को याद करो। वे सामाजिक भी व्यक्ति थे। क्योंकि इससे झगड़ा और फसाद होगा। इसलिए बढ़िया यह है कि आपसी सौहार्द और भाईचारे रखने के लिए अखंड पूजा करो। जिससे शांति और समृद्ध जीवन व्यतीत होगा। उसके बाद से यह परंपरा अब तक चला आ रहा है।

इसमें खास बात यह है कि धार्मिक अनुष्ठान शुरू होने से पहले ग्रामीण घरों में मीठा व शुद्ध शाकाहारी भोजन बनाकर तैयार कर लेते हैं जब तक अखंड का समापन नहीं हुआ घर में चूल्हा और धुआं निकलना वर्जित रहता है। इतना ही नहीं गांव के लोग नमक के इस्तेमाल से भी बचते हैं। भले ही हर जगह होली में रंगों की बौछार हो दिल्ली की नालंदा के इस्पात गांव में होली के दिन यह परंपरा पूर्वजों से चली आ रही है, जो अब तक जारी है।

### उप्र के 10 जनपदों के लिए 74 मोबाइल मेडिकल यूनिट सेवा की शुरूआत

**लखनऊ।** डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सोमवार को हंस फाउंडेशन के सहयोग से प्रदेश के 10 जनपद प्रयागराज, वाराणसी, सोनभद्र, चंदौली, चित्रकूट, फतेहपुर, श्रावस्ती, बहराइच, बलरामपुर एवं सिद्धार्थनगर के लिए 74 मोबाइल मेडिकल यूनिट सेवा की शुरूआत की। इन यूनिट में एमबीबीएस डॉक्टर के अलावा फार्मासिस्ट, एएनएम और लैब टेक्नीशियन के साथ जरूरी उपकरण और दवाएं उपलब्ध रहेंगी। इस दौरान डिप्टी सीएम ने कहा कि मोबाइल मेडिकल यूनिट के जरिए रोजाना दो ग्राम पंचायतों में निशुल्क सामान्य ओपीडी और प्राथमिक जांच सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे गंभीर बीमारियों को समय पर चिन्हित कर उन्हें उपचार मुहैया कराया जा सकेगा। इस दौरान डिप्टी सीएम में राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान परिसर ने मोबाइल मेडिकल यूनिट को फ्लैग ऑफ किया। कार्यक्रम में आशाओं को स्मार्ट फोन भी दिए गए। उपमुख्यमंत्री ने बताया 89 हजार 524 आशाओं को स्मार्ट फोन डिवाइस का वितरण किया जा रहा है।






केशव टाइम्स

बक्सर, 07 मार्च 2023




## हेरोइन की खरीद-बिक्री करते चार गिरफ्तार

**आरा।** शहर में नगर थाना क्षेत्र के गौसगंज गोलंबर के समीप पुलिस ने हेरोइन की खरीद बिक्री करते चार धंधेबाजों को गिरफ्तार किया है। तस्करों के पास से साढ़े नौ ग्राम हेरोइन, दो मोबाइल और एक बाइक बरामद की गयी है। गिरफ्तार धंधेबाजों में पटना के मनेर देवी स्थान निवासी कुणाल कुमार, सरोज कुमार एवं आरा नगर थाना क्षेत्र के गौसगंज निवासी अमित कुमार और चंदन पासवान शामिल हैं। अमित और चंदन सप्लायर जबकि कुणाल एवं सरोज हेरोइन के खरीददार हैं। हेरोइन की बरामदगी कुणाल और सरोज के पास से की गयी है। चंदन पासवान का भाई अमरजीत पासवान भी पूर्व के हेरोइन तस्करी मामले में वांटेड है। जानकारी के अनुसार रविवार की शाम पुलिस को गौसगंज के पास हेरोइन या स्मैक की खरीद-बिक्री किये जाने की सूचना मिलने पर कार्रवाई की गई।

# भेद भुलाकर साथ चलने व समाज में मुस्कान बिखेरने का संदेश देती है होली: सांसद

- माझी नगर पंचायत स्थित नरसिंह भगवान मन्दिर परिसर में आयोजित होली मिलन समारोह
- भाजपा सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कार्यक्रम का किया उद्घाटन

**केटी न्यूज/छपरा**

हृदय से क्लेश एवं सभी प्रकार के बैर-भाव को भुलाकर एक दूसरे को गले लगाने का त्योहार का नाम होली हैं। क्योंकि यह ऊंच-नीच, अमीर-गरीब का भेद भुलाकर साथ-साथ चलने के अलावा समाज में मुस्कान बिखेरने का संदेश देती है। यह उक्त बातें माझी नगर पंचायत के कुंवर टोली स्थित नरसिंह भगवान मन्दिर परिसर में आयोजित होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए महाराजगंज से भाजपा सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कही।



हास-परिहास और देश की संस्कृति में रची-बसी फाग गीतों से सराबोर होली मिलन समारोह के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजित होली मिलन समारोह के दौरान लोक संस्कृति का छाप छोड़ने में स्थानीय लोक कलाकारों द्वारा मनोरंजन किया गया। सांसद सिग्रीवाल ने उपस्थित जनसमूह से कहा कि इस होली के त्योहार पर आपको लंबी आयु, धन-वैभव, निर्मल यश, निरोगी जीवन और सम्मान मिले। यह होली आपको मंगलमय अधिष्ठान प्रदान करे।



**कार्यकताओं ने भगवान नरसिंह के भव्य मन्दिर के निर्माण का लिया संकल्प :** होली मिलन समारोह का विधिवत शुभारंभ भाजपा सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, सारण स्थानीय निकाय के पूर्व प्रत्यासी सुधांशू रंजन, मांझी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी राणा प्रताप उर्फ डब्ल्यू सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता उदय शंकर सिंह, बुलबुल मिश्रा एवं मुन्ना सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। वहीं समारोह को संबोधित करने वाले नेता एवं सामाजिक कार्यकताओं द्वारा भगवान नरसिंह के भव्य मन्दिर के निर्माण का संकल्प व्यक्त किया गया। समारोह में गायक सुरेन्द्र सिंह, संजय जहरीला, हेमन्त गिरी, कुन्दन सिंह, पंकज पूरी, अरविंद सिंह, सिकन्दर चौहान आदि ने एक से बढ़कर एक होली गीत गाकर स्त्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। जबकिं संगीतकार असगर अंसारी ने अपनी मुख्य भूमिका निभाई। होली मिलन समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन लोकगीत गायक चन्दन मिश्रा एवं दीपक बाबा ने किया। आयोजक टीम के सदस्य एवं अतिथियों द्वारा स्थानीय ग्रामीणों एवं बुजुर्गों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। समारोह को सारण जिला भाजपा अध्यक्ष रामदयाल शर्मा, मांझी नगर पंचायत की मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद, हेमनारायण सिंह, मनोज पाण्डेय, जय किशोर सिंह, मनोज प्रसाद, रंजन शर्मा सहित कई के द्वारा भी संबोधित किया गया। जबकिं कार्यक्रम के मंच संचालन मनोज कुमार सिंह ने किया।

### होली एवं शब-ए-बरात के मद्देनजर डीएम व एसपी ने की ब्रीफिंग

# अफवाह फैलाने व कानून तोड़ने वालों पर होगी कार्रवाई : डीएम

- अश्लील गाना अथवा धार्मिक भड़काऊ गाना बजाने वालों पर की जाएगी कार्रवाई
- संवेदनशील स्थानों का वीडियोग्राफी कराने का निदेश

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



जिले में होली त्योहार एवं शब-ए-बरात के मद्देनजर विधि-व्यवस्था, शांति-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिलाधिकारी रिची पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक दीपक रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित ग्राम प्लेक्स भवन में बैठक आयोजित हुई। जिसमें प्रतिनियुक्त सभी मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ ब्रिफिंग कर आवश्यक निदेश दिया गया। ब्रिफिंग में जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ-साथ उनके परिजनों को तथा समस्त जिलावासियों को होली पर्व और शब-ए-बरात त्योहार की शुभकामनाएं दी। बैठक में उपस्थित मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारियों के साथ-साथ थानाध्यक्षों एवं अंचल अधिकारियों को सख्त निदेश दिया गया कि वे होली त्योहार एवं शब-ए-बरात अवसर पर साम्प्रदायिक सौहार्द एवं संवेदनशीलता को देखते हुए असामाजिक तत्वों एवं हुड़दंगियों पर सख्ती से कार्रवाई करें। उन्होंने स्पष्ट रूप से निदेश दिया कि जिला प्रशासन द्वारा इस संबंध में जीरो ट्रॉलरेन्स की नीति का अनुपालन करते हुए अफवाह फैलाने वाले एवं कानून का उल्लंघन करने वाले तत्वों पर चौकसी बरतते हुए उनपर कार्रवाई करें।

**असामाजिक तत्वों पर नहीं होगी रियायत :** जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं सभी थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि दोनों त्योहारों में साम्प्रदायिक सौहार्द एवं शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों पर किसी प्रकार की रियायत नहीं बरतें तथा संबंधित पर प्राथमिकी दर्ज कर, सीसीए के अंतर्गत सख्त कार्रवाई करें। जिलाधिकारी ने निदेश दिया कि सोशल मीडिया पर भी विशेष ध्यान रखें। साथ ही सभी प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को निदेश दिया कि वे अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर ससमय उपस्थित रहेंगे ताकि आमजन सुरक्षित महसूस करें।

**संवेदनशील स्थानों को चिन्हित विधि-व्यवस्था संधारण करें:** जिलाधिकारी ने होली पर्व एवं शब-ए-बरात पर्व को ध्यान में रखते हुए सभी थानाध्यक्षों एवं अंचल अधिकारियों का निदेशित किया कि वैसे इलाके जहां एक हीं जगह होलीका दहन एवं शब-ए-बरात मनाया जाता है, वहां दोनों संप्रदायों के आने-जाने के लिए बांस के माध्यम से अलग-अलग अस्थायी मार्ग बनायें। साथ हीं जहानाबाद नगर परिषद क्षेत्र में कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद को निदेशित किया कि वे थानाध्यक्षों एवं वार्ड पार्षदों के साथ बैठक कर संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर निरीक्षण करते हुए विधि-व्यवस्था संधारण करें। इसके साथ ही सभी सीओ, बीडीओ एवं थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि उनके क्षेत्राधीन शांति समिति के साथ बैठक करें ताकि विधि व्यवस्था के संधारण में कोई परेशानी ना हो। होली त्योहार एवं शब-ए-बरात पर्व पर बाईक रेस लगा कर शांति भंग करने वाले हुड़दंगियों को चिन्हित कर संबंधित व्यक्ति पर कार्रवाई करेंगे।

**शरारती तत्व पर निरोधात्मक कार्रवाई करें :** जिलाधिकारी ने थानाध्यक्षों एवं सीओ को निदेश दिया कि जो शरारती तत्व है, उन पर निरोधात्मक कार्रवाई करें। जहानाबाद जिले में होली के अगले दिन झूमटा की परंपरा को ध्यान में रखते हुए जिन मार्गों पर झूमटा का आयोजन होता है वहां विशेष सतर्कता एवं निगरानी रखने को निदेशित किया गया। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को संवेदनशील स्थानों पर विशेष नजर रखने का निदेश दिया गया तथा संवेदनशील स्थानों का वीडियोग्राफी कराने का निदेश दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी थानाध्यक्षों को विशेष रूप से निदेश दिया कि अगर उनके क्षेत्र में शराब का कारोवार, शराब चुलाई एवं शराब की आवा-जाही की घटना परिलक्षित हुई तो थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों में छापेमारी कर शराब जप्त करेंगे तथा संबंधित व्यक्ति पर कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। साथ हीं गाड़ियों एवं बाईको को अभियान चला कर चेकिंग करना सुनिश्चित करेंगे।

# शौच करने जा रही बुजुर्ग की सड़क हादसे में मौत

**केटी न्यूज/आरा**



आरा-बक्सर हाईवे पर जिले के गजराजगंज ओपी क्षेत्र के बीबीगंज बस स्टैंड के समीप सोमवार की सुबह सड़क हादसे में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गयी। शौच करने जाने के दौरान किसी अज्ञात वाहन ने महिला को कुचल दिया। उसमें उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। मृत महिला बीबीगंज गांव निवासी स्व. पूजन महतो की 72 वर्षीया पत्नी खदेरनी कुंवर थी। वहीं हादसे लोग भड़क उठे और मुआवजे की मांग को लेकर सड़क पर उतर गये। गुस्साए लोगों की ओर से शव के साथ बीबीगंज बस स्टैंड के समीप सड़क जाम कर दिया। उसके कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रही।करीब आधे घंटे तक पूरी तरह ठप रहा। सूचना मिलने पर गजराजगंज ओपी इंचार्ज चंदन कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और समझा-बुझाकर लोगों के गुस्से को शांत कराया। उसके बाद पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया। परिजन मुकेश कुमार द्वारा बताया गया कि सोमवार की सुबह वह शौच करने के लिए घर से बधार की ओर जा रही थी। उसी दौरान बीबीगंज बस स्टैंड के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें रौंद दिया। उससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि महिला को सिर्फ दो पुत्री फूलकुमारी देवी और गिदिक उर्फ फुलिया है। उनके पति पूजन महतो की 20 वर्ष पूर्व बीमारी के कार्य मौत हो गई थी। घटना के बाद उनके घर में रोना-धोना मच गया है।

## सड़क हादसे में जख्मी बच्ची की इलाज के दौरान मौत, घर में मचा कोहराम

**आरा।** आरा-बक्सर फोरलेन पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धमार मोड़ के समीप सड़क हादसे में जख्मी बच्ची की मौत हो गयी। उसने इलाज के दौरान सोमवार की सुबह पीएमसीएच में दम तोड़ दिया। मृत बच्ची मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खजुरिया गांव निवासी परशुराम ठाकुर की 8 वर्षीया पुत्री निधि कुमारी थी। बच्ची के दादा सुमिंदर ठाकुर ने बताया कि निधी सोमवार की शाम धमार मोड़ के समीप रविवार की शाम वह सड़क पार कर रही थी। उसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया था। उससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। उसके बाद उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया था। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद पीएमसीएच रेफर कर दिया गया था। वहां इलाज के दौरान सोमवार की सुबह उसने दम तोड़ दिया। उसके बाद शव को वापस आरा सदर अस्पताल लाया गया। मौत की सूचना मिलने पर टाउन थाने की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जा रहा है कि बच्ची अपने तीन बहनों में बड़ी थी। उसके परिवार में मां निक्की देवी, बहन आरती कुमारी और शिवानी कुमारी है। घटना के बाद बच्ची के घर में कोहराम मच गया है। मां सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।








# होली मिलन समारोह के माध्यम से फाइलेरिया से ग्रसित लोगों को दिया गया जागरुकता संदेश

**केटी न्यूज/पटना**

राज्य से फाइलेरिया उन्मूलन को जड़ से मिटाने के लिए हर व्यक्ति सजग और तैयार है। इस मुहिम को अमलीजामा पहनाने के लिए पेशेंट नेटवर्क समूह के मेंबर भी काफी सजग और जागरूक हैं। सोमवार को फुलवारीशरीफ प्रखंड के गोनपुरा गांव में सीफार के सहयोग से पेशेंट्स नेटवर्क के सम्मिलित प्रयास से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें फाइलेरिया पेशेंट नेटवर्क मेंबर के सदस्यों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।



मिलन समारोह शुरू होने से पहले नेटवर्क मेंबर के सदस्य जगदीश प्रसाद ने फाइलेरिया बीमारी की चपेट में कैसे आते हैं, साथ इससे कैसे बचा जा सकता है। इन तमाम बिंदुओं पर ग्रामीणों को जानकारी दी गई। इसके अलावा बीमारी से बचाव के बारे में भी ग्रामीणों को जानकारी दी गई। समारोह की शुरूआत में होली मिलन समारोह में मौजूद सभी नेटवर्क मेंबर के सदस्यों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। साथ ही गांव और प्रखंड से फाइलेरिया उन्मूलन के प्रति लोगों को जागरूक के साथ सजग रहने की बात कही। वहीं समारोह में मौजूद पटेल पंडित ने फाइलेरिया उन्मूलन से संबंधित गीत गाकर ग्रामीणों को फाइलेरिया बीमारी के प्रति जागरूक किया। इसके बाद बांसुरी बजा चंदेश्वर मांझी ने ग्रामीणों को भरपूर मनोरंजन किया।

धीरे-धीरे होली मिलन समारोह परवान चढ़ता गया। उसके बाद कलाकारों ने एक से बढ़कर एक होली गीत गाकर ग्रामीणों का खूब मनोरंजन किया। होली मिलन समारोह में आशा सबिना खातून, रविन्द्र सिंह,सुगिया देवी, अहिल्या देवी, ब्रजेश्वर प्रसाद, ज्ञानी राम, मोहम्मद सोनू और महेंद्र कुमार के अलावा दर्जनों की संख्या में पेशेंट नेटवर्क समूह के सदस्य और ग्रामीण मौजूद थे।

## अमर स्वतंत्रता सेनानी पंडित गिरीश तिवारी नामक पुस्तक का विमोचन

**छपरा।** महान स्वतंत्रता सेनानी एवम्‌ पूर्व धार्मिक न्यास एवं शिक्षा राज्य मंत्री बिहार सरकार पंडित गिरीश तिवारी की 124 जयंती उनके स्मारक स्थल सारण जिले के माझी प्रखंड स्थित बरेजा में मनाई गई। इस अवसर पर उनके जीवनी पर आधारित पुस्तक अमर स्वतंत्रता सेनानी पंडित गिरीश तिवारी नामक पुस्तक का विमोचन संयुक्त रूप से पूर्व जज रामप्रवेश चौबे, शारदानंद सिंह, चंद्र भूषण प्रसाद वर्मा, शिक्षक लाल बाबू सिंह, राणा प्रताप सिंह, प्रो. दिलीप शर्मा, प्राचार्य ओमप्रकाश सिंह इत्यादि के द्वारा किया गया। इस सभा की अध्यक्षता जेपी सेनानी शारदा नंद सिंह ने की । इस अवसर पर पूर्व मुखिया डॉ. कमलेश द्विवेदी, जिला पार्षद प्रितिनिधि ई. कमलेश यादव, मुखिया राजेश पांडेय , सरपंच विजय शंकर शुक्ला, बीडीसी अजय पांडेय, विश्वनाथ चौबे, साहित्यकार शंभू कमलाकर मिश्र, विजय मिश्र आदि उपस्थित थे।

## गांव में कट्टा लहराने वाला युवक गिरफ्तार

**राजपुर।** राजपुर थाना क्षेत्र के तियरा पंचायत अंतर्गत बहुआरा गांव में सोमवार को सुबह एक युवक सरेआम कट्टा लहरा अपनी दबंगई का धाक जमा रहा था। इस दौरान किसी ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दे दी। सूचना मिलते ही तत्काल राजपुर पुलिस माके पर पहुंची तथा आरोपी को एक देशी कट्टा तथा छह गोली के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पकड़ा गया युवक ओमप्रकाश सिंह है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार यह युवक अपने आपको गांव में दबंग दिखाने के लिए कट्टा लेकर लहरा रहा था। जिसे देख कई युवक भयभीत हो गए थे। जिसकी गुप्त सूचना मिलते ही पुलिस पदाधिकारियों की गठित टीम ने फिल्मी अंदाज में उसे पकड़ लिया। जिनके पास से एक देशी पिस्टल एवं छह जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया।

# होलीमय हुआ बाजार, पूरे दिन खरीददारों की उमड़ी रही भीड़

- कपड़ा, किराना, सजावटी सामान और रंगों की दुकानों पर सबसे अधिक भीड़, लोगों की भीड़ से भरे नजर आ रहे बाजार

**केटी न्यूज/डुमरांव**

रंगो के त्योहार होली में अब महज 24 घंटे शेष रह गए हैं। दुनिया के इस अनोखे त्योहार का सबसे साकारात्मक असर बाजार में देखा जा रहा है। पिछले दो दिनों से बाजार गुलजार हो रहा है। देर रात तक दुकानें खुली रह रही हैं तथा वहां खरीददारों की भीड़ उमड़ी रहती है। बक्सर तथा डुमरांव जैसे शहरी क्षेत्रों के अलावे ग्रामीण क्षेत्र के बाजारों में भी होली के पूर्व चहल पहल देखी जा रही है। लोग सबसे अधिक भीड़ रेडिमेड कपड़ा दुकानों पर हो रही है।





इसके अलावे किराना दुकानों, रंग, अबीर की दुकानों पर भी भीड़ उमड़ रही है। बाजार में बड़ी संख्या में रंग, अबीर, पिचकारी तथा रंग बिरंगी टोपियों, मुखौटों वाली अस्थायी दुकानें सज गई है। इन दुकानों पर बच्चों तथा युवाओं की टोलियां पूरे दिन अपने पसंदीदा रंग, टोपियों, मुखौटों, पिचकारियों को खरीदने आ रही है। इस बार बाजार में स्वदेशी पिचकारियों की डिमांड ही ज्यादा है। बाजार में चाइनिज आइटम न के बराबर है। कोरोना काल की चुनौतियों तथा लॉक डाउन की बंदिशों के बाद अब लोग खुलकर होली का त्योहार मना रहे है। शहर से लेकर गांव तक होलीमय बन गया है। इस त्योहार की सबसे अनोखी खासियत भी यही है कि बच्चें, बूढ़े तथा जवान सभी उमंग में रहते है। इस बार भी यह देखने को मिल रहा है। डुमरांव के प्रसिद्ध कपड़ा व्यवसायी विवेककांत, किराना व्यवसायी बब्लू प्रसाद, गणेश कुमार आदि ने बताया कि इस बार बाजार में अच्छी बिक्री हुई है। बाजार गुलजार होने से व्यवसायियों की बल्ले-बल्ले है। बता दें कि बुधवार को रंगोत्सव का त्योहार होली मनाया जाएगा।

# प्रशासन का फ्लैग मार्च



**बक्सर।** रंगों का त्योहार होली तथा शब-ए-बरात के पूर्व प्रशासन अलर्ट मोड में है। एसपी के निर्देश पर सोमवार को बक्सर तथा डुमरांव के साथ ग्रमीण क्षेत्रों में भी फ्लैग मार्च निकाल प्रशासन ने सौहार्द पूर्ण माहौल में होली तथा शब-ए-बरात मनाने का संदेश दिया। बक्सर में एसडीएम धीरेन्द्र कुमार मिश्र व सदर एसडीपीओ गोरख राम के नेतृत्व में जबकि डुमरांव में एसडीएम कुमार पंकज व एएसपी राज के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल फ्लैग मार्च में शामिल हुए।

### बक्सर बॉर्डर पर बढ़ी पुलिस की चौकसी, हर आने-जानेवाले वाहनों की हो रही जांच

# होली से पहले तस्करों की मंशा पर फिरा पानी भारी मात्रा में शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

- कर्मनाशा चेकपोस्ट पर शराब के साथ पकड़ाया बिहार पुलिस का बर्खास्त सिपाही
- खुद को पुलिस का जवान बता छोड़ने की मिन्नते करता रहा

**केटी न्यूज/बक्सर**

दो साल पहले शराब पीकर चुनावी ड्यूटि के दौरान पकड़े जाने पर बिहार पुलिस ने एक जवान को बर्खास्त कर दिया दिया था। भले ही शराब की लत से उसकी नौकरी छूटी लेकिन अबतक उसका शराब से पीछा नहीं छूटा है। नौकरी छूटने के बाद वह शराब की तस्करी में जुट गया था। लेकिन रविवार की मध्य रात्रि यूपी से शराब की खेप लेकर आने के दौरान कर्मनाशा चेकपोस्ट पर उत्पाद विभाग के हत्थें चढ़ गया। पहले तो वह खुद को बिहार पुलिस का जवान बता छोड़ देने की अपील करते रहा। लेकिन जब पुलिस ने अपने तेवर दिखाए तो उसके मुंह से सच्चाई परत दर परत खुलती चली गई। जिसके अनुसार वह मूल रूप से पूर्णिया जिला के मरंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत रामनगर गांव का रहने वाला विशेष कुमार सिंह है। वह बिहार पुलिस का जवान था तथा मोतिहारी के ढाका में उसकी पोस्टिंग थी। 20 अक्टूबर 2021 को वह चुनावी ड्यूटि के दौरान शराब का सेवन कर लिया था। वरीय अधिकारियों ने उसे पकड़ जेल भेजा था तथा नौकरी से बर्खास्त कर दिया था। जेल से बाहर आने के बाद से वह शराब की तस्करी करने लगा था। रविवार की रात करीब 12 बजे वह



यूपी से शराब की खेप लेकर दो अन्य तस्करों के साथ कर्मनाशा चेकपोस्ट के रास्ते बिहार की सीमा में प्रवेश किया। इस दौरान सजग उत्पाद विभाग की टीम ने तीनों को रोककर तलाशी ली तो तीनों के पास से शराब की खेप बरामद हुई। इस दौरान विशेष कुमार खुद को पुलिस का जवान बता छोड़ने की मिन्नते कर रहा था। लेकिन उसके साथ गिरफ्तार किए गए मुंगेर जिला के तारापुर थाना के माहपुर गांव के अनिश कुमार तथा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पांडेयपट्टी गांव निवासी देवानंद प्रसाद को उत्पाद विभाग की टीम ने जेल भेज दिया है। तीनों के पास से देशी, अंग्रेजी शराब तथा वियर की बोतले भी बरामद हुई है। चेक पोस्ट प्रभारी दिलीप सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि तस्कर होली के मद्देनजर शराब की खेप को स्टॉक कर रहे थे।

## नावानगर में शराब लदी बोलेरो व तीन बाइक जब्त

**नावानगर।** सोनवर्षा ओपी पुलिस ने गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के कड़सर गांव के पास से अंग्रेजी शराब से लदी एक बोलेरो तथा शराब की ढुलाई के लिए लगी तीन बाइक को जब्त किया है। हालांकि मौके का फायदा उठा तस्कर भागने में सफल रहे है। बोलेरो से 375 एमएल का 312 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुआ है। जिसमें मैकडवल नंबर वन ब्रांड का 240 बोतल तथा इंपिरियर ब्लू ब्रांड का 72 बोतल शराब था। पुलिस ने तस्करों की पहचान कर ली है। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। सोनवर्षा ओपी प्रभारी ज्ञान प्रकाश सिंह ने इसकी पुष्टि की है।

## शराब पी बारात में जाना पड़ा महंगा, जेल में मनेगी होली



**ब्रह्मपुर।** नैनीजोर पुलिस ने थाना क्षेत्र के कोईलवर तटबंध के पास स्थित त्रिमुहानी मोड़ के पास से शराब के नशे में चार युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। चारों घर से बारात में शामिल होने के लिए निकले थे तथा शराब का सेवन कर रास्ते में नाच गा तथा शोरगुल मचा रहे थे। इस दौरान गश्ती दल की नजर उनपर पड़ गई। पुलिस ने चारों को पकड़ मेडिकल जांच कराया। जहां शराब पीने की पुष्टि होने के बाद चारों को जेल भेजा गया है। उनकी पहचान तिलक राय के हाता ओपी थाना क्षेत्र के बड़का राजपुर गांव के सत्येन्द्र कुमार सिंह पिता रामजी सिंह, ऋषिकेश चौधरी पिता वकील चौधरी, सुशील कुमार यादव पिता सुरेश गोप तथा विकास सिंह पिता सुधीर सिंह के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाठक ने इसकी पुष्टि की है।










# इटाढ़ी में यूपी के व्यक्ति को गोली मार लूट लिये 2.5 लाख रु.

- बदमाशों ने पीड़ित के भांजे को नौकरी दिलाने का झांसा दे यूपी से बुलाया था
- जिसने अपने घर मे दो दिनों तक पनाह दी थी, उसी ने मारी है गोली

**केटी न्यूज/बक्सर**

रूपयों के लालच में लोग जघन्य अपराध करने से भी नहीं हिचक रहे हैं। मामला इटाढ़ी थाना क्षेत्र के खरहना गांव का है। रविवार की देर शाम इस गांव के पास एक व्यक्ति को गोली मार जख्मी कर दिया गया है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। गोली मारने वाले उसके परिचित ही है, जो उसे यूपी से उसके भांजे को नौकरी दिलाने के नाम पर बुलाए थे। वह अपने भांजे की नौकरी के लिए ढाई लाख रूपया लेकर आया था। दो दिनों तक उनके घर भी रहा। लेकिन रविवार की रात उसे गांव से बाहर ले जाकर गोली मार रूपयों से भरा बैग लेकर पनाह देने वाला फरार हो गया है।

राहगीरों की सूचना पर इटाढ़ी पुलिस ने उसे पहले सदर अस्पताल तथा वहां से रेफर होने के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना पहुंचाया। गोली उसके पीठ में लगी है। खून अधिक गिरने से उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पीड़ित उत्तर प्रदेश के मउ जिला के रोहन लाल का 45 वर्षीय पुत्र महावीर लाल है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित अपने भांजे की नौकरी के लिए किसी के बुलाने पर 2.5 लाख रूपए लेकर इटाढ़ी थाना क्षेत्र के किसी गांव में आया था। दो दिनों से वह उस गांव में अपने जान-पहचान वालों के यहां रूका था। रविवार की शाम वह व्यक्ति गांव के बाहर ले जाकर गोली मार दी, और ढ़ाई लाख रूपए की लूट लिए। पुलिस के अनुसार पीड़ित फिलहाल पहचान वाले का नाम और पता ठीक से नहीं बता पा रहा है। वहीं पुलिस ने पीड़ित घायल से पूछताछ कर उसके परिवार को सूचना दे दी है। अंचल निरीक्षक मनोज सिंह ने बताया कि पीड़ित स्पष्ट कुछ नहीं जानकारी दे पा रहा है। परन्तु जो भी जानकारी दी है। उसके आधार पर पुलिस जांच में जुट गई है।

## बालू लदी दो ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार

**ब्रह्मपुर।** नैनीजोर पुलिस ने लाल बालू से लदे दो ट्रैक्टरों को जब्त किया है। हालांकि दोनों ट्रैक्टरों के चालक मौके से फरार हो गए है। नैनीजोर थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाठक ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों ट्रैक्टरों को कोईलवर तटबंध के पास से गश्ती दल द्वारा पकड़ा गया है। उन्होंने कहा कि ट्रैक्टर मालिकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है।

# ऑक्सफोर्ड कांवेंट स्कूल में मना रंगोत्सव

**केटी न्यूज/सिमरी**

सिमरी प्रखंड के बड़का राजपुर गांव स्थित आक्सफोर्ड कान्वेंट स्कूल में रविवार को रंगोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। इस मौके पर स्कूली छात्रों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। जिसकी सराहना उपस्थित लोगों ने की। इस दौरान विद्यालय परिवार के नेतृत्व में ब्रज की प्रसिद्ध लट्ठमार होली तथा काशी की भस्म होली खेल छात्रों ने वाहवाही लूटी। इसके अलावे छात्राएं जहां राधा रानी के साज सज्जा में सजी थी तो छात्र कृष्ण का रूप धारण किए थे। आकर्षक झांकी को देख लोग भावविभोर हो रहे थे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के निदेशक रूपेश चौबे ने सभी को रंगो के त्योहार होली




की शुभकामना दी। इस मौके पर उन्होंने गरीब छात्रों तथा ग्रामीणों के बीच रंग, गुलाल, पिचकारी आदि उपहार स्वरूप वितरित की। उन्होंने कहा कि होली सबसे अनोख त्योहार है। इस दिन गरीब अमीर एक समान हो जाते है तो आपसी कटुता भी समाप्त हो जाती है। रंगोत्सव में प्रधानाध्यापक शुभम गौतम, शिक्षक धर्मेन्द्र पांडेय, अनिल छेत्री, अशोक तमांग, योगेन्द्र राय, रत्नेश कुमार, शुभी, गीता, रागिनी आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं समेत सैकड़ो अभिभावक व गणमान्य मौजूद थे।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा

**चौगाई।** प्रखंड के मुरार गांव में संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष डॉ सच्चिदानंद सिन्हा का 72 वां पूण्यतिथि सोमवार को मनया गया। इस अवसर पर उनके पैतृक गांव के ग्रामीणों ने मुरार हाई स्कूल प्रांगण स्थित की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। अध्यक्षता भाजपा के मंडल अध्यक्ष राकेश कुमार गौतम ने व संचालन नंदलाल पंडित ने किया। इस मौके पर अपने संबोधन में डा सच्चिदानंद सिन्हा रचना चक्र के बिहार प्रभारी विनय श्रीवास्तव ने कहा कि वे काफी सुलझे हुए व्यक्ति थे। उन्होंने बिहार के निर्माण में अहम भूमिका निभाई है। लेकिन बिहार सरकार उनके कृतित्व व व्यक्तित्व को भूल गई है।



# बाजार गुलजार... आकर्षक रंगों की सजी दुकानें, लुभा रही स्पाइडर मैन और जंबो जेट की पिचकारी

**केटी न्यूज/गाजीपुर/बलिया/मऊ**

होली पर्व पर लोगों को रंगों से सराबोर करने के लिए बाजारों में तरह-तरह के रंग, अबीर और गुलाल बिक रहे हैं। इसी प्रकार स्पाइडर मैन, जंबो जेट, बंदूकों की शक्ल के साथ ही चायनीज रंगीन पिचकारियां भी बच्चों को लुभा रही है। होली के लिए खास तरह-तरह की टोपियों से बाजार सजे हुए हैं। परंपरा के अनुरुप उत्साह के साथ इस पर्व को मनाने के लिए इनकी जम कर खरीद हो रही है।







शहर समेत जिले के कसबों में होली की खरीददारी की धूम मची हुई है। इस पर्व पर बाजारों में लाल, पीला, हरा तथा काला रंग पैकेट तथा खुले में बिक रहे है। पैकेट की कीमत 10 से 12 रुपए है। जबकि खुले में यह रंग 50 से 60 रुपए प्रति 100 ग्राम के भाव से बिक रहा है। सफेद रंग की बार्निश की कीमत भी 25 से 30 रुपया प्रति 10 ग्राम है। अबीर गुलाल के भाव भी 60 रुपये प्रति किलो तक है। इस बार बाजारों में परंपरागत के साथ ही चायनीज पिचकारियों की भी धूम मची हुई है। तरह तरह के बंदूके को शक्ल में बिक रही पिचकारियों की कीमत 30 रुपये से शुरू है। इनमें अलग अलग मात्रा में रंग भरने की क्षमता है। स्पाइडरमैन, ड्रैगन, टैडी बियर के साथ ही प्लास्टिक और स्टील आदि की भी पिचकारी लोग पसंद कर रहे है। बासुंरी की शक्ल में बिक रही पिचकारी की कीमत 30 रुपये से लेकर 55 रुपये है। पंप और स्प्रे वाली पिचकारी भी दूर तक रंग बिखेर रही है। इससे छत पर से रंग खेलने वालों को काफी सुविधा होगी। होली के लिए खास चमकीले कागज तथा जोकर के कपड़ों वाली टोपियों की कीमत 10 रुपये से लेकर 50 रुपये तक है। आंखों के लिए बनावटी चश्मा तथा चेहरे के लिए उलूल जलूल शक्ल के मास्क भी लोगों की पसंद बने हुए है। हर जगह के बाजार देर शाम तक गुलजार हो रहे हैं।

**मऊ।** होली के त्योहार को लेकर जहाँ प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और बाजारों सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी फ्लैग मार्च निकालकर और बैठक कर लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील कर रहे हैं। वहीं होली के त्योहार की तैयारियों में लोग अपनी अपनी तरह लग गए हैं। मऊ मुख्यालय सहित मधुबन ,कोपागंज, रतनपुरा ,मोहम्मदाबाद गोहना सहित सभी बाजारों और गांवों में भी रंग ,गुलाल ,अबीर तथा पिचकारी की दुकानें सज गयी और तरह तरह पिचकारी देखने को मिल रही है। लोग सामानों की खरीददारी कर रहे हैं। सड़क पर बस ,जीप तथा ट्रेनों में भारी भीड़ भाड़ देखने को मिल रहा है। होली के त्यौहार पर घर आने वाले लोगो को ट्रेनों में टिकट नही मिल रहा है जिससे लोगों को काफी अधिक खर्च कर बस या अन्य साधनों से आवागमन कर रहे हैं। लोग अपने अपने घरों की साफ सफाई में लगे हुए हैं।

## गाजीपुर डीएम ने जननी सुरक्षा योजना, मातृत्व मृत्यु दर आदि की समीक्षा की, दिए निर्देश

# जिन स्वास्थ्य केंद्रों पर जेएसवाई भुगतान पेंडिग है, उसका तत्काल निस्तारण कराएं

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में राइफल क्लब सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना, मातृत्व मृत्यु दर की समीक्षा, परिवार कल्याण कार्यक्रम, टीकाकरण, 108/102 एम्बुलेंस की उपलब्धता, आशा/जे एस वाई भुगतान, क्षय रोग नियंत्रण, कुष्ठ उन्मूलन, प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना, आयुष्मान कार्ड, जन्म-मृत्यु पंजीयन, एवं अन्य महत्तपूर्ण बिन्दुओ पर समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान उन्होंने जिला स्वास्थ्य समिति के सभी बिन्दुओं की प्रतिदिन मॉनिटरिंग का निर्देश दिया।




उन्होंने समस्त एमओवाईसी को निर्देश दिया कि वीएचएनडी सार्वजनिक स्थानों पर ही लगाई जाए तथा वहां आशा एवं आंगनबाड़ी की उपस्थित अवश्य रहे। उन्होंने प्रसव उपरान्त लाभार्थियों/आशाओ को दिए जाने वाले जेएसवाई के भुगतान के संबंध में शत-प्रतिशत भुगतान का निर्देश दिया तथा उन्होंने कहा कि जिन-जिन स्वास्थ्य केन्द्रों पर जेएसवाई भुगतान पेन्डिग है, उसका तत्काल निस्तारण करवाते हुए भुगतान की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आरोग्य योजनान्तर्गत जनपद में बनाए गए गोल्डेन कार्ड की जानकारी ली तथा प्रत्येक पात्र लाभार्थी परिवार का शत-प्रतिशत गोल्डेन कार्ड जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र परिवार आयुष्मान कार्ड से वंचित न रहे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. हरगोविन्द सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. उमेश समस्त एमओवाईसी एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

**डीएम ने की जल जीवन मिशनन्‍ के तहत कार्यो की समीक्षा:** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यो की समीक्षा बैठक की। इस दौरान ं जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत गाजीपुर में 161 पेयजल योजनाओं के समस्त कार्य को जून 2023 तक पूर्ण कराने का निर्देश दिया। साथ ही डीएम ने स्वीकृत डीपीआर के अंतर्गत नलकूपों को शत-प्रतिशत एवं अवर जलाशय के फाउण्डेशन तक का भी कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी , अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), संबन्धित सहायक अभियन्ता/ जू.इं., नामित फर्म के संबन्धित प्रतिनिधि, डीपीएमयू, टीपीआई एवं संबन्धित आईएसए उपस्थित रहे।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत कन्या जन्मोत्सव का आयोजन

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी के निर्देश पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत कन्या जन्मोत्सव का कार्यक्रम भांवरकोल ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोड़उर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जमानिया में संपन्न हुआ। जिसमें कुल 38 बच्चियों को कंबल, मिष्ठान और बेबी किट देकर माताओं को सम्मानित किया गया। माताओं को बताया गया कि बच्चियों को समय-समय पर टीकाकरण अवश्य कराएं। समाज में बेटा और बेटी में कोई अंतर नहीं है। अंतर है तो बस शिक्षा देने की, जिस प्रकार से हम शिक्षा देंगे वैसे ही बच्चियों का विकास होता रहेगा। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. विपिन कुमार द्वारा बताया गया कि जिस माताओं को पहली बच्ची हुई है, वह प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना का लाभ ले सकती हैं। बच्चियों के टीकाकरण का विशेष ध्यान रखना होगा। महिला कल्याण अधिकारी नेहा राय ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के बारे में उपस्थित माताओं को विस्तृत जानकारी दी तथा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में भी आशा बहनों को बताया गया।

# प्रतिष्ठित मिठाई दुकान में उपयोग हो रहा था घरेलू गैस सिलेंडर, सीज की गई दुकान

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

होली पर्व के मद्देनजर सोमवार को रेवतीपुर थाना क्षेत्र में विभिन्न जगहों पर स्थित अंग्रेजी, देशी ,वीयर,भांग आदि की दुकानों पर एसडीएम सेवराईं राजेश प्रसाद चौरसिया, आबकारी निरीक्षक मौर्या, सीओ विधि भूषण मौर्य एवं रेवतीपुर थानाध्यक्ष प्रशांत चौधरी ,खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम के संयुक्त टीम ने एक दर्जन से अधिक शराब ,मिठाई आदि की दुकानों पर छापेमारी की। ताकि संभावित किसी भी तरह के होने वाले शराबकांड पर प्रभावी तरीके से अंकुश लगाने के साथ ही इसमें संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके। हालांकि इस दौरान टीम को कुछ आपत्तिजनक चीज नहीं मिला। बावजूद टीम ने सेल्समैनों व उनके अनुज्ञापियों को चेताया कि किसी तरह की अवैध शराब की बिक्री करते पाए जाने पर संबन्धित के खिलाफ कठोर कार्रवाई के साथ ही दुकान के निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही चेताया कि प्रिंट रेट से अधिक शराब आदि की बिक्री किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगा। इसके अलावा टीम ने रेवतीपुर गाँव के एक प्रतिष्ठित मिठाई की दुकान पर औचक छापेमारी की। इसके चलते वहाँ हडकंप मच गया। लोग इस छापे की कार्रवाई से भयभीत अपनी दुकानों के शटर बंद कर फरार हो गए। टीम ने मिठाई की दुकान पर करीब आधा दर्जन विभिन्न मिठाईयों के नमूने लेने के साथ ही अवैध तरीके से सिलेंडर प्रयोग करने पर उसे सीज कर दिया।






# सड़क हादसे में दो की मौत, तीन घायल

**केटी न्यूज/बलिया**

जनपद में अलग-अलग सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गयी। वहीं तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। हल्दी थाना क्षेत्र के दोपही ढाले पर सोमवार की सुबह हुई ट्रक व पिकअप के आमने सामने की टक्कर में एक वृद्ध की मौत हो गयी। वहीं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गयी और आवश्यक जांच पड़ताल में जुट गयी। इसकी खबर मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह बलिया बैरिया राज मार्ग पर दोपही ढाले के पास बैरिया की तरफ से आ रही ट्रक व बलिया की ओर से आ रही पिकअप की आमने सामने टक्कर हो गयी। इससे हीरालाल पासवान पुत्र स्वर्गीय रामप्रवेश पासवान, अजय पासवान पुत्र विजय शंकर पासवान निवासीगण राजपुर एकौना, अभिषेक पासवान निवासी नवका गांव बबुरानी तथा अगरौली निवासी विक्रमा साहू पुत्र गणेश साहू गंभीर रूप से घायल है। चारों घायलों को पिकअप से जिला अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने विक्रमा साहू 60 को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन सहित फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक जांच पड़ताल में जुट गयी। दूसरी घटना में रामगढ़ में हुई। जहां राष्ट्रीय राजमार्ग




31 के दया छपरा ढाला पर रविवार की देर शाम सब्जी खरीद कर घर जा रहे अधेड़ को बुलेट ने टक्कर मार दी जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़े। परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने बलिया रेफर कर दिया। बलिया जाते वक्त रास्ते में ही दम तोड़ दिए।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने टीबी मरीजों में बांटे अबीर, रंग और ड्राई फ्रूट

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त भारत बनाने के क्रम में टीबी रोगियों को गोद लिए जाने का अभियान चलाया गया था। जिस के क्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह द्वारा 21 टीबी मरीजों को गोद लिया गया था। इन मरीजों को उनके द्वारा प्रतिमाह पोषण पोटली दिया जाता है। जिस क्रम में सोमवार को जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने अपने आवास पर गोद लिए हुए सभी मरीजों को पोषण पोटली के साथ ही रंग अबीर गुलाल और ड्राई फ्रूट का वितरण कर उनके साथ होली की खुशियां मनाई गई।

जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मिथिलेश सिंह ने बताया कि जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह के द्वारा 21 टीबी मरीजों को अपने आवास खजूरिया विकास भवन पर पोषण सहायता वितरित किया। यह पोषण सहायता अध्यक्ष के द्वारा प्रतिमाह दिया जा रहा है।

जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने बताया कि जब तक टीबी मरीजों का इलाज चलता रहेगा। तब तक उनके द्वारा पोषण सहायता दिया जाता रहेगा। गोद लिए गए टीबी मरीजों में से 21 टीबी मरीज इलाज एवं पोषण पोटली के सहयोग से पूर्ण रूप से स्वस्थ हो चुके हैं। जिसमें अधिकांश बच्चे हैं। इस माह होली पर्व के उपलक्ष्य में होली से पूर्व जो टीबी मरीज मेरे द्वारा गोद लिए गए हैं, उनके साथ अपनत्व की खुशियां बांटी गई। इस बार की पोषण पोटली कुछ हटकर स्पेशल है। जिसमें पोषण पोटली के साथ- साथ गोद लिए सभी मरीजों को ड्राई फ्रूट्स, रंग, गूलाल, अबीर एवं मिठाइयां के साथ होली की खुशियां बांटी गई।

कार्यक्रम में समाजसेवी पंकज सिंह चंचल, संजीव सिंह उर्फ बाबी, मोहित श्रीवास्तव, तथा क्षयरोग विभाग के डाक्ष् एम के सिंह,डीपीसी अनुराग कुमार पाण्डेय ,डीपीपीएमसी सुनील वर्मा व अन्य उपस्थित थे।






# कोषागार से समस्त भुगतान अब ई-पेमेंट से होगा, भुगतान के लिए चेक जारी नहीं होगा

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

कोषागारों द्वारा समस्त भुगतान ई-पेमेंट के माध्यम से किए जा रहे है एवं अब कोषागारों द्वारा किसी भी भुगतान के लिए चेक जारी नहीं किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त आनलाइन बिल प्रस्तुतीकरण एवं ई-कुबेर प्रणाली भी वर्तमान में लागू है। सभी आहरण एवं वितरण अधिकारियों द्वारा कोषागारों में समस्त बिल निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार प्रस्तुत कर दिए जाएं। जिससे कि प्रस्तुत बिलों की आवश्यक चेकिंग के बाद कोषागारों द्वारा बिलों की पासिंग तथा ई-पेमेंट के माध्यम से भुगतान निर्धारित समय अवधि में तक किया जा सके। वरिष्ठ कोषाधिकारी उमेश कुमार उपाध्याय ने समस्त आहरण वितरण अधिकारियों को सूचित किया कि चालू वित्तीय वर्ष में माह फरवरी-2023 तक प्राप्त बजट के सापेक्ष देयकों को डीडीओ पोर्टल द्वारा तैयार यथाशीघ्र कोषागार में प्रस्तुत कर आहरण कर करने अथवा विलम्बतम दिनांक 20 मार्च 2023 तक आहरण कर लें। साथ ही यदि बजट में किसी प्रकार भी भिन्नता हो तो कोषागार से बजट मिलान रिर्पोट प्राप्त कर मिलान कर लें। माह मार्च-2023 में प्राप्त बजट के सापेक्ष देयक विलम्बतम दिनांक-25.03.2023 तक कोषागार में अवश्य प्रस्तुत करा लें।

## वित्तीय वर्ष 2022-23 में आवंटित बजट का शतप्रतिशत करें उपभोग- उमेश कु. उपाध्याय

**गाजीपुर।** वरिष्ठ कोषाधिकारी उमेश कुमार उपाध्याय ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान आवंटित बजट का 31.03.2023 तक प्रत्येक स्थिति में उपभोग कर लिया जाना है। इसके उपरांत जो धनराशि उपभोग नहीं की जाएगी वह धनराशि स्वतः कालातित हो जाएगी, इसके लिए आवश्यक है कि धनराशि को प्रत्येक दशा में 31 मार्च तक उपभोग कर लिया जाए अथवा अपने विभाग के वित्त नियंत्रक को समर्पित कर दिया जाए।


